हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, रविवार, 7 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 34 .5 डिग्री

न्यूनतम 23 .0 डिग्री


11 गौकर्ण तीर्थ से लेकर प्रीत विहार तक गणपति ...





12 डबल फाटक पर अंडरपास में तीन दिन भरा पानी ...




## बरसाती पानी निकासी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने दिया धरना

# भैणी सुरजन के ग्रामीण पहुंचने वाले थे रोहतक, डीसी अमला लेकर पहुंचे गांव

- डीसी ने समस्याएं सुनी और पानी निकासी के लिए नाले की खुदाई शुरू करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

बरसाती पानी की निकासी न होने से भैणीसुरजन गांव के लोग काफी परेशान हैं। डेढ़ महीने से भी अधिक समय हो गया, लगातार बारिश होने से जलस्तर कम नहीं हो रहा। हालांकि जिला व उपमंडल प्रशासन पानी निकासी के इंतजाम में जुटा हुआ है। लेकिन ये प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। अंततः ग्रामीणों ने पानी निकासी के लिए जुई फीडर तक नाले के द्वारा पानी पहुंचना की योजना बनाई। लेकिन एक किसान ने नाले की खुदाई से इंकार कर दिया। ऐसे में सैकड़ों किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सवार होकर डीसी से मिलने रोहतक के लिए निकल पड़े। लेकिन डीसी ने कहा कि रोहतक आने की जरूरत नहीं है। वह खुद गांव में पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों ने पानी निकासी की मांग को लेकर गांव के बस स्टैंड पर ही धरना शुरू कर दिया। विधायक बलराम दांगी भी ग्रामीणों की बीच पहुंचकर धरने पर बैठ गए।

### नुकसान के आकलन का काम शीघ्र



महम। भैणीसुरजन गांव में धरने पर बैठे लोगों को समस्या के समाधान का भरोसा दिलाते डीसी। फोटो : हरिभूमि

### प्रशासन ने मशीनें भेजी

भैणी सुरजन गांव के पानी की निकासी के लिए चैन से चलने वाली बड़ी मशीन को मौके पर भेजा गया। लगभग पांच बजे से बड़ी मशीन आ चुकी थी जबकि दो जे सी बी पहले ही काम शुरू कर चुकी हैं। कमेटी के एक सदस्य ने कहा कि कोई भी व्यक्ति काम में बाधा न डाले।

### सीएम आज कर सकते हैं दौरा, प्रशासन अलर्ट

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को महम में एनएच 9 पर जलभराव से प्रभावित इलाके को देखने पहुंच सकते हैं। इस दौरान वे किसानों से भी रूबरू होंगे। प्रशासन अलर्ट मोड पर है। कल कभी भी पहुंच सकते हैं सीएम। बताते हैं कि सीएम ने इच्छा जताई है कि वे रोहतक में जलभराव से प्रभावित इलाके का दौरा करके प्रभावित किसानों से बातचीत करें।

### ग्रामीणों ने 31 सदस्यीय कमेटी गठित की

गांव के लोगों ने मिलकर पानी निकासी के लिए 31 सदस्यीय कमेटी गठित की है। जो पिछले एक डेढ़ माह से सिंचाई विभाग के अधिकारियों व एस डी एम कार्यालय के चक्कर लगा रही है। कमेटी के सदस्यों द्वारा ही धरने का निर्णय लिया गया था। कमेटी में पूर्व सरपंच रामनिवास को अध्यक्ष बनाया हुआ है। इनके अलावा कुलदीप, अंकुश, राज,संदीप, बिल्लू काला, जगबीर, धर्मवीर, जिले, बंसी, शीलू, संजीत, श्री भगवान, राजबीर रणबीर, धर्मवीर नंबरदार, बलजीता, काला मेंबर, राजकुमार, मोटा, संता, सेवा, टीनू,अजमेर, सचिन ओम सिंह व सरपंच प्रतिनिधि अमित सिंह शामिल हैं।

### विधायक दांगी ने स्थाई समाधान करने की मांग की

विधायक बलराम दांगी ग्रामीणों के धरने पर सुबह लगभग साढ़े 10 बजे पहुंच गए थे। उन्होंने कहा कि पानी निकासी नहीं होने के कारण गांव भैणी सुरजन, सैमाण, भैणी चंद्रपाल, भैणी मातो व भैणी महाराजपुर, बहलबा, अजायब भराण, निन्दाना, आदि गांव के लोग पिछले लगभग डेढ़ माह से परेशान हैं। विधायक ने डीसी सचिन गुप्ता से इन गांवों के पानी निकासी का स्थाई समाधान करने की मांग की।





# एनसीसी के लिए 84 छात्राओं ने दिया टेस्ट, 17 का होगा चयन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



महर्षि दयानंद महाविद्यालय में एनसीसी में चयन के लिए छात्राओं का टेस्ट लिया गया। 2 हरियाणा एनसीसी गर्ल्स बटालियन के सूबेदार मेजर लालचंद, सीनियर जीसीआई मंजू बराक के के देखरेख में चयन प्रक्रिया हुई। इनमें से 17 का चयन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को एनसीसी व देश के लिए इसके महत्व व सेना में करियर के बारे में जानकारी दी। इसके बाद बीएचएम वेदप्रकाश, एनएनओ लेफ्टीनेंट विकास सिंधु, हवलदार शिव कुमार और सचिन ने पहले फिजिकल टेस्ट लिया व इसके बाद लिखित परीक्षा ली। इसके बाद सूबेदार मेजर लाल चंद, सीनियर जीसीआई मंजू बराक ने साक्षात्कार लिया। इस दौरान 84 छात्राओं ने भाग लिया।











## खबर संक्षेप



रोहतक। सतनाम सिंह गिरोत्रा परिवार संग गणेश जी की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाते हुए।



### महर्षि दयानंद विवि मनाया शिक्षक दिवस

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के फैकल्टी क्लब द्वारा शिक्षक दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित फैकल्टी क्लब सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में प्राध्यापक और उनके परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने शिक्षक दिवस की सभी को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, वे व्यक्तित्व गढ़ते हैं, समाज का भविष्य निर्माण करते हैं।

### बहलबा में करंट लगने से भैंस की मौत

**महम।** बहलबा गांव में करंट लगने से एक भैंस की मौत हो गई। पशु पालक महा सिंह पुत्र जोधाराम ने बताया कि वह दो दिन पहले ही दूधारू भैंस 85 हजार रुपये में खरीद कर लाया था। उसी दिन तेज बरसात के कारण उसके मकान में पानी घुस गया। बताया कि मकान का पानी निकालने के लिए घर में मोटर पंप लगाया हुआ था। मोटर में करंट आ गया। जमीन गीली होने व मकान में पानी भरा होने के कारण पानी में करंट प्रवाहित हो गया। जिससे भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। जिस वजह से उसको काफी आर्थिक नुकसान हो गया।

### दयानंद मठ में मासिक वैदिक सत्संग आज

**रोहतक।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरयाणा कार्यालय अधीक्षक सत्यवान आर्य ने बताया कि मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन रविवार को सुबह 9 बजे से 12.30 बजे तक पंडित जगदेवसिंह सिद्धान्ती भवन दयानंद मठ में होगा। आर्यजगत के सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक रामनिवास आर्य (पानीपत) अपने भजन एवं उपदेशों के माध्यम से श्रोताओं को लाभान्वित करेंगे तथा विनय आर्य (मन्त्री, दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा) आर्यजनों को 30 अक्तूबर से 02 नवम्बर तक दिल्ली में हो रहे अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन के सम्बन्ध विस्तृत जानकारी देंगे। मुख्यवक्ता वैदिक विद्वान डॉ० राजेन्द्र विद्यालंकार (कुरुक्षेत्र) वैदिक प्रवचन के माध्यम से कार्यक्रम की शोभा बढ़ायेंगे।

## गौकर्ण तीर्थ पर 4 हजार के लगभग गणपति विसर्जन हुए

# गौकर्ण तीर्थ से लेकर प्रीत विहार तक गणपति बप्पा को दी भावभीनी विदाई

- दुर्गा भवन मंदिर में 78 संघ ने किया विसर्जन
- मॉडल टाउन में स्विमिंग पूल किया मूर्ति विसर्जन

श्री 78 संघ परिवार एवं दुर्गा भवन मंदिर के सहयोग से चल रहा 17 वे गणेश महोत्सव का आठवां दिन बड़े धूमधाम से बनाया गया, संध्या आरती में भक्तों ने भाग लिया, वह अंतिम दिन इन्होंने धूमधाम से गणेश विसर्जन किया गया, संपूर्ण क्लब ने भी किया गणेश विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

गणेश महोत्सव का समापन शहर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हुआ। वैदिक सेवा ट्रस्ट मॉडल टाउन द्वारा आयोजित 11वां गणपति महोत्सव शनिवार को हवन, पूजन और भंडारे के साथ सम्पन्न हुआ। महामंडलेश्वर बाबा कपिलपुरी महाराज ने बताया कि गौकर्ण तीर्थ पर कुल 4 हजार के लगभग गणपति पधारे। वहीं शहर के अन्य हिस्सों, विशेषकर प्रीत विहार कॉलोनी में भी धूमधाम से गणपति बप्पा का विसर्जन किया गया। भक्तों ने 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष के बीच बप्पा को विदाई दी। आचार्य धर्मवीर प्रसाद वेदपाठी के सान्निध्य में आचार्य देव कृष्ण शौनक और आचार्य विनोद कृष्ण ने वेद की ऋचाओं का पाठ किया। हवन में ट्रस्ट के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। उन्होंने मंत्रोच्चारण के बीच आहुतियां समर्पित कीं। पूर्णाहुति और आरती के बाद वातावरण भक्तिमय हो गया। हवन और पूजन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया। गणपति महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि समाज को एकजुट करने का माध्यम भी है। डीएलएफ आरडब्ल्यूए गणेश सेवा समिति से जुड़े भक्त गणेश प्रतिमाओं के नगर भ्रमण के बाद विसर्जन हेतु हरिद्वार के लिए रवाना हुए।



गणपति बप्पा का विसर्जन करवाते महामंडलेश्वर बाबा कपिलपुरी महाराज।



रोहतक। गणपति बप्पा का विसर्जन करने आए बड़ा बाजार के लोग।

### गोपाल युवा समिति ने भी किया गणेश विसर्जन

गणेश महोत्सव के 11 दिन बाद गोपाल युवा समिति सुभाष नगर द्वारा नेताजी सुभाष पार्क में मिट्टी के इको फ्रेंडली गणेश का विसर्जन बड़ी धूमधाम से किया गया। समिति के सक्रिय सदस्य योगी अरोड़ा और चिराग गांधी ने बताया कि युवा समिति द्वारा सुभाष नगर के सनातन धर्म हनुमान मंदिर में पूरे 11 दिन सुबह शाम आरती और भजन किए गए और शनिवार 11वें दिन सुबह आरती के साथ हवन यज्ञ का आयोजन किया गया और नगर परिक्रमा निकाली गई।

### प्रीत विहार कॉलोनी में भी दिखा उत्साह



प्रीत विहार कॉलोनी में भी शनिवार को गणपति विसर्जन धूमधाम से सम्पन्न हुआ। कॉलोनीवासियों ने रंग-बिरंगे जुलूस और भक्ति गीतों के बीच गणपति बप्पा की प्रतिमा को विदा किया। महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी पूरे उत्साह से शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने कहा कि गणेश महोत्सव दस दिन तक भक्तिभाव और उल्लास का प्रतीक रहा। इन दिनों में प्रतिदिन पूजन, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अब बप्पा को विदा करते समय मन भावुक हो जाता है, लेकिन विश्वास है कि अगले वर्ष वे फिर आएंगे और भक्तों के दुख दूर करेंगे।



### महाराजा सूरजमल शिक्षण संस्थान में कमेटी की बैठक

**रोहतक।** महाराजा सूरजमल शिक्षण संस्थान में शनिवार को पब्लिसिटी कमेटी की पहली बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में संस्थान की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक, खेलकूद व अन्य गतिविधियों को व्यापक स्तर पर प्रचारित प्रसारित करने तथा विद्यार्थियों एवं संस्थान को विभिन्न सरकारी गैर सरकारी संस्थानों से प्राप्त रैंकिंग एवं समय-समय पर प्राप्त पुरस्कार राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो प्राप्त हुए हैं उन्हें समाज के सबसे निचले पायदान तक विभिन्न संचार माध्यमों के द्वारा प्रचारित एवं प्रसारित करने पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता पब्लिसिटी कमेटी के अध्यक्ष डॉ. सुरेश नांदल ने की, इसमें कमेटी के सभी सदस्य जो कि अपने-अपने क्षेत्र के विद्वान एवं प्रतिभाशाली है। संस्थान की डायरेक्टर अर्चना बालियान एवं महाराज सूरजमल इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर की तरफ से डॉक्टर मोनिका तुषीर ने संस्था की अभी तक की प्राप्त उपलब्धियां एवं भविष्य की योजनाओं पर बिंदुवार प्रकाश डाला। बैठक में मुख्य रूप से महाराजा सूरजमल शिक्षण संस्थान की पब्लिसिटी कमेटी के सदस्य मुख्य रूप से अरविंद पाल दहिया, प्रेमचंद देशवाल, वीरेंद्र चौधरी, प्रोफेसर चरण सिंह, राजेंद्र सिंह कमिश्नर स्टेट इनफॉरमेशन, प्रदीप माथुर, नंदलाल, संजीत, डॉ मनोज भांभू आदि रहे।

# शिक्षक दिवस पर रमेश गिरधर और कणिका गिरधर को दिया अवार्ड

- गरीब परिवारों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रहे हैं और उनको पुस्तकें व कापियां भी देते हैं फ्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महम



रोहतक। हिसार की ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित समारोह के दौरान अवार्ड प्राप्त करते रमेश गिरधर व उनकी पत्नी कणिका गिरधर।

शिक्षक दिवस के मौके पर सेवानिवृत मुख्य अध्यापक एवं श्री राम सेकेंडरी स्कूल महम के डायरेक्टर रमेश गिरधर और उनकी पत्नी कणिका गिरधर को ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार में सम्मानित किया गया है। उनको यह अवार्ड विश्वविद्यालय के प्रो. वाइस चांसलर डॉ. राजेंद्र एस छिल्लर और वाइस चांसलर डॉ. एनपी कौशिक ने प्रदान किया है। उनको यह सम्मान शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए दिया गया है। यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ. एनपी कौशिक ने कहा कि रमेश गिरधर और उनकी पत्नी कणिका गिरधर पिछले कई दशकों से समर्पित भाव से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। उनके पढ़ाए गए बच्चे आज देश के उच्च पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। खास बात यह है कि गरीब बच्चों की पढाई में उनका विशेष सहयोग रहता है। ये अनेक बच्चों को निशुल्क पढ़ाते हैं। अनेक ऐसे गरीब बच्चे हैं, जिनको पुस्तकें और कापियां फ्री में उपलब्ध करवाते हैं। कई बच्चे तो ऐसे हैं, जिनको उच्च शिक्षा के लिए भी इन्होंने आर्थिक सहायता की है। रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए स्कूल छोड़ने के बाद भी ये बच्चों का मार्गदर्शन करते हैं।

### सांगवान डिफेंस एकेडमी में मनाया टीचर्स-डे

रोहतक। सांगवान डिफेंस एकेडमी में सभी स्टूडेंट्स ने टीचर्स डे का सेलिब्रेशन किया। साथ ही सभी टीचर्स ने स्टूडेंट्स के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें भविष्य में ओर अधिक ऊंचाइयों के लिए प्रोत्साहन दिया। संस्थान के निदेशक दिनेश सांगवान के साथ सभी शिक्षक और मैनेजमेंट के सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी टीचर्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर स्टूडेंट्स का मनोवल बढ़ाया। संदीप ने रागिनी सुनाकर सभी का मनोरंजन किया। निदेशक दिनेश सांगवान ने सभी शिक्षकों को शाल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस मौके पर संदीप, राहुल, नवीन, अमित देशवाल, अरुण, अजीत, राजदीप, राकेश, अभिनव, गीता, शानू आदि मौजूद रहे।






रोहतक। गौ कर्ण तीर्थ सरोवर पर गणपति बप्पा विसर्जन करते गढ़ी मोहल्लावासी।

## खबर संक्षेप



### जीडी गोयंका स्कूल में गणपति का किया विसर्जन

**रोहतक।** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल के वरिष्ठ वर्ग में हॉस्टल के छात्रों एवं शिक्षकों ने भगवान गणपति का स्कूल के प्रांगण में ही भव्य विसर्जन किया। डायरेक्टर विक्रांत मायना एवं सान्या मायना, प्रधानाचार्या सविता नेहरा एवं सहनिदेशक हिमांशु गुप्ता समेत हॉस्टल में रहने वाले बच्चों, शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ ने विघ्नहर्ता गणेश को संगीत, गुलाल, फूलों की वर्षा और ढोल ताशे नगाड़ों की ध्वनि के साथ विदाई दी। इस आयोजन ने न केवल भगवान गणेश के प्रति प्रेम और सम्मान को प्रदर्शित किया बल्कि छात्रों और शिक्षकों के बीच के बंधन को भी मजबूत किया।



### श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा धार्मिक अनुष्ठान किया

**रोहतक।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर सराय मोहल्ला में अनंत चतुर्दशी एवं देवाधिदेव 1008 अरिहंत परमेष्ठी वासुपूज्य स्वामी के मोक्ष कल्याणक अवसर पर श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ विशेष धार्मिक अनुष्ठान किए। सुबह मंदिर में मोक्ष कल्याणक निर्वाण कांड का पाठ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने 11 किलो लड्डू भगवान के चरणों में अर्पित किया और संगीतमय आरती की। इसके बाद बैंड-बाजों के साथ भक्तों ने पालकी यात्रा निकाली। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि आज श्रुत पंचमी का भी विशेष महत्व है। प्रातः 5:30 बजे महावीर भगवान का जलाभिषेक समाजसेवी संजय जैन, विकास जैन व अन्य श्रद्धालुओं द्वारा किया गया।



### शिक्षा भारती स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस समारोह

**रोहतक।** शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड में शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्वलन से हुआ। शिक्षकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, कविताओं और भाषणों के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेकर उत्साहपूर्ण माहौल बनाया तथा हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान के दाता ही नहीं बल्कि जीवन मूल्यों के निर्माता भी होते हैं। समिति के सदस्यों ने कहा कि शिक्षक समाज व राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं।



### जीडी गोयनका टॉडलर हाउस में मनाया टीसर्च-डे

**रोहतक।** जीडी गोयनका टॉडलर हाउस सनसिटी रोहतक में अध्यापक दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह की शुरुआत छात्रों सरस्वती वंदना से हुई। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक बलराज सिंह, सुनीता व प्रधानाचार्या अनामिका बलहारा ने सभी शिक्षकों को बधाई दी।

### सूचना

मैं, रामेहरसिंह रेहडू पुत्र रणधीर सिंह निवासी गांव दालमवाला जिला जींद बयान करता हूं कि मेरा गन लाईसेंस नंबर 135/DMU/JC-2016 दिनांक 06.06.2016 गुम हो गया है जिसका उल्लेख मैंने हर जगह दाखिल करवा दिया है एवं नई प्रतिलिपि निकलवाने के लिए आवेदन किया है।




### पठानिया पब्लिक व रोटरी क्लब ने मनाया टीचर्स-डे

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की सह-संस्थापक वर्षा पठानिया, संचालक अंशुल पठानिया एवं प्रधानाचार्य तन्वी पठानिया की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर रोटरी क्लब रोहतक से डॉ. एसएल वर्मा (प्रेसिडेंट), संजीव वाधवा (सदस्य), डॉ. सुनील मुंजाल (सेक्रेटरी) डीएस बुधवार (प्रोजेक्ट चेयरमैन) तथा डॉ. आरके चौधरी (डायरेक्टर क्लब सर्विसेज) ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर अशोक गुप्ता, अमित नागपाल, शशि दुरेजा, रोबिन सचदेवा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में शिक्षाविदों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण किया गया। विद्यालय के सभी शिक्षकों ने मंच पर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गायन, वादन और नृत्य प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मंच संचालन सुमन सैनी, सीमा सचदेव ने बखूबी निभाया। उप प्रधानाचार्य प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, मुख्य अध्यापिका सुमन राठी, सभी को-ऑर्डिनेटर व अध्यापक अध्यापक मौजूद रहे।

### आनुवांशिक रोगों की समझ और समाधान की ओर एक पहल

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स विभाग ने जेनेटिक काउंसलिंग में एक एक वर्षीय परास्नातक डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ किया है, जो आनुवंशिक बीमारियों के निदान, परामर्श, रोकथाम और सामाजिक प्रभावों को समझने में विद्यार्थियों को दक्ष बनाएगा। विभाग अध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि इस क्रम में विभाग द्वारा अगस्त माह को एसएमए (स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी) जागरूकता माह के रूप में मनाया गया। एसएमए जागरूकता कार्यक्रम आयोजन में जीवन विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता प्रो. मीनाक्षी वशिष्ठ, विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष कुमार तिवारी, विभागीय शिक्षक डॉ. रितु यादव, डॉ. नीलम सहरावत और डॉ. मुकेश तंवर, जेनेटिक काउंसलर अनुराधा शर्मा तथा डिप्लोमा के विद्यार्थी ऋतु रावत, श्वेता सहरावत और रचना कंबोज की अहम भूमिका रही।

# पीजीआईएमएस को मिली बड़ी उपलब्धि : डॉ रूप सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव और पीजीआईएमएस के हड्डी रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ. रूप सिंह ने बताया कि विभाग के लिए यह गर्व का क्षण है कि वे और डॉ राजेश रोहिल्ला शीर्ष भारतीय लेखकों में से एक चयनित हुए हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुए एक बिब्लियोमेट्रिक विश्लेषण में आईजेओ (आईजीओ) के शीर्ष उद्धृत पत्रों में विभाग का एक प्रकाशन शामिल है। डॉ. रूप सिंह ने बताया कि यह उपलब्धि विभाग के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और यह विभाग के शोध कार्य की गुणवत्ता को दर्शाती है।

### शोध कार्य के माध्यम से समाज को लाभ पहुंचाना ही उद्देश्य



डॉ. रूप सिंह ने बताया कि विभाग में शोध कार्य की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विभाग के शोधकर्ता विभिन्न क्षेत्रों में शोध कार्य कर रहे हैं और उनके निष्कर्षों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित किया जा रहा है। डॉ. रूप सिंह ने बताया कि विभाग भविष्य में भी शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करेगा।



**यह उपलब्धि गौरव का क्षण:** गर्व का क्षण स्पोर्ट्स इंजरी विभाग अध्यक्ष डॉ राजेश रोहिला ने बताया कि पीजीआईएमएस के हड्डी रोग विभाग की यह उपलब्धि न केवल विभाग के लिए बल्कि संस्थान के लिए भी गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि विभाग के शोध कार्य की गुणवत्ता और उसके शोधकर्ताओं के प्रयासों का परिणाम है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

आवश्यकता
आवश्यकता है रोहतक में गार्डन का काम करने के लिए
माली - 1
सम्पर्क करें - 9896678820

ADARSH COLLEGE OF EDUCATION
Adarsh School Of Nursing
MADINA, ROHTAK
Affiliated to Haryana Govt. HNRC & INC
ADMISSION OPEN
ANM 2 YEARS
GNM 3 YEARS
JBT 2 YEARS
LIMITED SEATS
SC/ST को सरकार से 100% फीस छात्रवृति
ELIGIBILITY: 10+2 in any stream with 45% Marks
SC/BC with 40% Marks | AGE LIMIT: 17-35 Years.
Required Nursing Tutors
रोहतक और नजदीक के गांव से बस सुविधा उपलब्ध
Mob.: 8307117069, 9306840763, 9485578148
Email: adarshschoolmadina@gmail.com

hartron ISO 9001 : 2015
Enhance your talent...
HARTRON
SKILL CENTRE For Computer Education & Training
M.7206002575, 8929411222
Above IDBI Bank, Power House, Chowk, Rohtak
ADMISSION OPEN-2025

| Sr. No. | Name of Course | Course Duration |
|---|---|---|
| 1. | Computer Hardware and Networking Associate | 52 (Weeks) |
| 2. | Course In Computer Application | 52 (Weeks |
| 3. | Course in Digital Accounting | 52 (Weeks |
| 4. | Course in Designing and Publishing | 52 (Weeks |
| 5. | Course in Web Technology | 52 (Weeks |
| 6. | Course in Software Development | 52 (Weeks |
| 7. | Advanced Course in Computer Application | 52 (Weeks |
| 8. | Digital Marketing Assistant | 26 (Weeks |
| 9. | Software Or Application Testing Assistant | 26 (Weeks |
| 10. | Assistant PHP Developer | 26 (Weeks) |
| 11. | Hardware Peripheral and Installation Assistant | 26 (Weeks |
| 12. | Application Development -Android | 26 (Weeks |
| 13. | Course in IT Foundation and Tools | 26 (Weeks |
| 14. | Certificate Course in Computer Basics & Accounting | 26 (Weeks) |
| 15. | Certificate Course in Web Designing and Multimedia | 26 (Weeks |
| 16. | C Language | 04 (Weeks |
| 17. | C Plus Plus With Oops | 08 (Weeks) |
| 18. | PHP With Mysql | 04 (Weeks) |
| 19. | Core Java | 06 (Weeks |
| 20. | Advance Java | 08 (Weeks |
| 21. | Financial Accounting | 06 (Weeks) |
| 22. | Autocad | 08 (Weeks) |
| 23. | Fundamentals of Cyber Security | 06 (Weeks) |
| 24. | Programming with Python | 12 (Weeks) |
| 25. | Fundamentals of Computer | 12 (Weeks) |

S.V. COLLEGE
18 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत
हेल्थकेयर क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका
Courses:- Limited Seats
DMLT
HOSPITAL MANAGEMENT
DOTT
Radio & Medical Imaging Technology
Eligibilty 12th in any Stream
All Para Medical Course
(6 Month Certificate, 2/3 Years Programme)
UNDER UGC & MHRD (Govt. of India) Approved
Online Course
(नौकरी के साथ पढ़ाई)
BA - MA
BCA - MCA
BBA - MBA
B. COM - M. COM
LLB - LLM
& many more...
UGC-अप्रूव्ड कोर्स के साथ काउंसिलिंग रजिस्ट्रेशन भी करवाया जाता हैं।
Jind Hissar Bypass Railway Bridge, (Nehru Colony) Rohtak -124001
98126-69100, 94665-10173

## खबर संक्षेप



### होमगार्ड सुरेश ने पैसों से भरा पर्स लौटाया

**रोहतक।** होमगार्ड सुरेश ने अपनी ड्यूटी के दौरान ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए पैसों से भरा एक खोया हुआ पर्स उसके असली मालिक को लौटा दिया। पर्स में 15 हजार रुपये नकद, एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस तथा अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद थे। सुरेश ने बिना किसी लालच के पर्स को सुरक्षित रखकर उसके मालिक तक पहुंचाया। होमगार्ड की इस ईमानदारी की घटना की सभी ने सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण बताया।

### पीजी की रिक्त सीटों पर काउंसलिंग 10 को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विवि. में सत्र 2025-26 में पीजी पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर एडमिशन के लिए 10 सितंबर को काउंसलिंग का फाइनल राउंड आयोजित किया जाएगा। सहायक कुलसचिव शैक्षणिक शाखा तेजपाल ने बताया कि पहले रिक्त सीट प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर ऑफर की जाएगी और फिर उसके बाद 25 अगस्त तक आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को एकेडमिक मेरिट के आधार पर सीट ऑफर की जाएगी।

### चोरी की वारदात में आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की वारदात में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया गया। अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि 4 सितंबर को खेड़ीसाध निवासी विकास की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि विकास ने सेक्टर-4 में तिकोना पार्क के सामने वीटा मिल्क बूथ चलाता है। 4 सितंबर बूथ के अंदर से करीब 8 हजार रुपये के कीमत का सामान चोरी हुआ मिला। जांच के दौरान 5 सितंबर को आरोपी जलदीप निवासी बागपुर जिला झज्जर को गिरफ्तार किया गया है।

## रेलवे प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई, पटरियों से गुजरना पड़ रहा

# डबल फाटक अंडरपास में तीन दिन से भरा पानी

### लोगों को जान जोखिम में डालकर करना पड़ रहा है सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





शहर का डबल फाटक अंडरपास लोगों की परेशानी का सबब बन गया है। पिछले तीन दिनों से अंडरपास के अंदर करीब दो फुट पानी भरा हुआ है, जिससे आमजन और वाहन चालकों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। समाजसेवी जसबीर कुमार ने बताया कि रोजाना हजारों लोग इस रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन पानी और अंधेरे के कारण लोगों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस समस्या की सूचना रेलवे और प्रशासन को कई बार दी जा चुकी है, फिर भी अभी तक समाधान नहीं हुआ। ऐसे में लोगों को पटरियों से एक तरफ से दूसरी तरफ जाना पड़ रहा है। वाहनों को दस सेंकेंड का सफर 20 मिनट में तय करना पड़ रहा है। क्योंकि एक तरफ से दूसरी तरफ जाने के लिए घूमकर आना पड़ता है। ऐसे में दूसरी जगह से ट्रैफिक का सामना भी करना पड़ता है। अंडरपास दो कॉलोनियों को जोड़ता है। इसके जरिए लोग बाजार, स्कूल, कार्यालय और अन्य स्थानों पर आसानी से पहुंचते हैं। अब पानी भरने से लोग परेशान हैं। खासतौर पर स्कूल जाने वाले बच्चों को बड़ी समस्या हो रही है। पैदल आने-जाने वालों को पानी में उतरना पड़ रहा है, वहीं बाइक और कार सवार भी बड़ी मुश्किल से निकलते हैं। कई वाहन पानी में बंद भी हो गए।

### अंडरपास में नहीं है रोशनी, अंधेरे में खतरा

अंडरपास के अंदर लाइट की व्यवस्था भी नहीं है। दिन में तो लोग किसी तरह निकल लेते हैं, लेकिन रात के समय वहां गहरा अंधेरा हो जाता है। पानी और अंधेरे के बीच से गुजरना लोगों के लिए और भी खतरनाक साबित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई बार छोटे बच्चे और बुजुर्ग पानी में फिसलने से गिर भी चुके हैं।

### की जा रही निकासी

वहां पर मोटरें लगी हुई है, पानी ज्यादा होने के कारण मोटर खराब हो गई थी। मौके पर दूसरी मोटर लगाई हुई है जो पानी को लिफ्ट कर रही है। ऐसे में आज दूसरी मोटर भी लगा दी जाएगी। लेकिन बारिश के कारण दोबारा से पानी भर जाता है। ऐसे में समस्या बढ़ जाती है। लेकिन पानी लगातार लिफ्ट किया जा रहा है।

-मुकेश कुमार, रेलवे अधिकारी

### मौके पर मौजूद रहे लोग

शनिवार को समस्या पर चर्चा करने के लिए एकत्रित हुए लोगों में डॉ. जयपाल सिंह, सुमित नागपाल, जसबीर कुमार, अमित कमल, महेश चंद, विनोद कथूरिया, सुनील, सुरेश, पारस, विनय और विकास सहित अन्य लोग शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूरन धरना-प्रदर्शन करने पर उतर आएंगे। स्थानीय निवासियों ने मांग की है कि अंडरपास से तुरंत पानी निकाला जाए और वहां स्थायी समाधान के लिए पंपिंग सिस्टम लगाया जाए। अंडरपास के अंदर रोशनी की व्यवस्था की जाए।

### अधिकारी नहीं कर रहे सुनवाई

शनिवार को आसपास की कॉलोनियों के लोग अंडरपास के पास इकट्ठे हुए और समस्या का समाधान निकालने पर चर्चा की। लोगों का कहना था कि इस समस्या की जानकारी रेलवे अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन को बार-बार दी गई, मगर किसी ने ध्यान नहीं दिया। तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन न तो पानी निकाला गया और न ही सफाई का कोई प्रबंध किया गया।

**कॉलोनीवासियों में गुस्साः** कॉलोनीवासियों ने प्रशासनिक लापरवाही पर गहरा रोष जताया है। उनका कहना है कि लगातार बारिश या सीवर लाइन की खराबी की वजह से पानी भरना आम बात हो गई है। लेकिन इस बार तीन दिन बीत जाने के बाद भी कार्रवाई न होना अधिकारियों की उदासीनता को दर्शाता है।



**रोहतक।** जलभराव के क्षेत्र का दौरा करते हुए भाजपा नेता डॉ अशोक कुमार रंगा।

## जलभराव वाले क्षेत्रों में प्रशासन करें तीव्रता से कार्य : डॉ अशोक कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलानौर

■ जलभराव के चलते राजेश का मकान गिरा

रोहतक रेलवे लाइन के साथ रेलवे द्वारा किए जा रहे खुदाई कार्य से भारी जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। बारिश का पानी घरों तक पहुंच गया। जलभराव के चलते राजेश पुत्र रामकुमार का मकान गिर गया, वहीं आसपास के कई अन्य मकानों में गहरी दरारें आ गईं।

वार्ड एक निवासियों ने बताया कि लगातार पानी भरने से दीवारें और नींव कमजोर हो गई हैं। भाजपा के सभी प्रकोष्ठों के जिला प्रभारी डॉ. अशोक कुमार रंगा ने मौके का दौरा कर हालात का जायजा लिया और अधिकारियों को जलभराव की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए कहा। डॉ. अशोक रंगा ने सिंचाई और पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारियों को कहा कि समय रहते जल निकासी की उचित व्यवस्था करे तथा किसी तरह भी जन हानि से बचाव करें। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही स्थायी समाधान नहीं निकाला गया तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार को अवगत कराया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान पार्षद सन्नी, राजेश , प्रकाश, सुरेन्द्र, मदन, विनोद, संदीप,मंगत व अमित भी मौजूद रहे।

## युवका को अवैध हथियार सहित दबोचा

**रोहतक।** पुलिस ने युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। कलानौर थाना प्रभारी सुलेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गुढाण कटेसरा रोड कलानौर के पास गश्त में मौजूद थी। इस दौरान युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान सुखबीर निवासी गांव पिलाना के रुप में हुई। युवक के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है।

## न्यू हरियाणा सीसे.स्कूल में अध्यापकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



■ सीनियर एवं जूनियर सभी बच्चों ने शिक्षक बनकर बहुत अच्छी भूमिका निभाई।

न्यू हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर सीनियर एवं जूनियर सभी बच्चों ने शिक्षक बनकर बहुत अच्छी भूमिका निभाई। बतौर शिक्षक ऐसा महसूस हो रहा था कि आने वाले समय में एक बहुत ही अच्छे शिक्षक साबित होंगे। स्कूल निदेशक जेएस बूरा ने बताया कि जिस देश, राष्ट्र एवं समाज में सर्वश्रेष्ठ अध्यापक होते हैं वो राष्ट्र एवं समाज स्वर्ण अक्षरों में लिखने योग्य बन जाता है।

उन्होंने बताया कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन हमेशा यही कहते थे कि अगर किसी राष्ट्र एवं समाज को अच्छा बनाना है तो वहां पर अच्छे अध्यापक बनाने पड़ेंगे। अंत में स्कूल प्राचार्य मंजू बूरा एवं उपप्राचार्य पूजा कादियान ने सभी अध्यापकों का धन्यवाद किया और आगे भी शिक्षा जगत में अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## बीएमयू और एलएसआई पोर्ट्समाउथ में समझौता

■ दोनों संस्थान मिलकर उच्चस्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण उपलब्ध कराएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए यूनाइटेड किंगडम की प्रतिष्ठित संस्था एलएसआई पोर्ट्समाउथ के साथ शैक्षणिक सहयोग हेतु एक समझौता किया है।

इस समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान मिलकर विद्यार्थियों को उच्चस्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण उपलब्ध कराएंगे। इसमें विशेष रूप से इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, फिजियोथेरेपी, नर्सिंग और आयुर्वेद जैसे विषय शामिल किए गए हैं। साथ ही, छात्रों को अंग्रेजी भाषा के ज्ञान और दक्षता को बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम शुरू किए जाएंगे, जिनमें पेशेवरों के लिए अंग्रेजी, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और भाषा कौशल विकास शामिल है। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. एचएल वर्मा ने बताया कि इस साझेदारी से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा और शोध का अवसर मिलेगा। उन्हें नई तकनीकों, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और वैश्विक दृष्टिकोण से लाभ होगा।

इस समझौते के बाद बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थी अब विदेशों के नामी शैक्षणिक संस्थानों से जुड़कर अनुभव साझा करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान करने और नई शैक्षणिक पहल में भाग लेने का मौका पाएंगे। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि यह कदम छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर एलएसआई पोर्ट्समाउथ (यूके) के प्रिंसिपल ली ब्रोफी, जतिन कुमार हर जीवनदास सोनी, पूर्व कुलपति सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी राजकोट, गगन अग्रवाल तथा बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी कुलपति डॉ. एचएल वर्मा, कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार, शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता डॉ. नवीन कपिल कुमार, डॉ. सत्य प्रकाश आर्य, असिस्टेंट कुलसचिव एमएल बत्रा, डॉ. दीपक यादव, डॉ. शीतल व डॉ. वरुण कुमार झा उपस्थित थे।

## बस की चपेट में आने से कर्मचारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला

हरियाणा रोडवेज बस ने नेशनल हाईवे नंबर 9 पर एक कंपनी के कर्मचारी को कुचल दिया। जिसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस ने हुमायूंपुर निवासी संजय के बयान पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। संजय ने बताया कि वह झज्जर जिले के गांव निलोठी निवासी उसका जीजा विनोद एसबी पैकिंग कंपनी ने नौकरी करते थे। दो बजे छुट्टी के बाद विनोद रोड क्रोस कर रहा था। तभी दिल्ली की तरह से एक रोडवेज बस रॉंग साईड आई और विनोद को कुचल दिया। जिसकी मौत हो गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## विद्यार्थियों की सफलता केवल अंकों में नहीं, बल्कि उनके मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास में निहितः मोनिका

■ एचडी स्कूल में हविद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य पर केंद्रित कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय था विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना था। जिसका संचालन रिसोर्स पर्सन मोनिका सांगवान ने किया।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता केवल अंकों में नहीं, बल्कि उनके मानसिक संतुलन और आत्मविश्वास में निहित है। उन्होंने तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, आत्मबल वृद्धि तथा व्यावहारिक परामर्श से जुड़े अनेक प्रभावी उपाय साझा किए। विद्यालय निदेशक सुरेन्द्र सिंह फोगाट ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने जितनी ही आवश्यक है। संतुलित मन ही श्रेष्ठ शिक्षा का आधार है। शिक्षकों ने पूरे उत्साह से भाग लेकर समूह गतिविधियों, विचार-विमर्श और प्रश्नोत्तर सत्र में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण उनके लिए विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य को समझने और उन्हें सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### नेताजी सुभाष पार्क में इको-फ्रेंडली मिट्टी के गणेश का किया विसर्जन

**रोहतक।** गणेश महोत्सव के समापन अवसर पर बाल गोपाल युवा समिति सुभाष नगर द्वारा नेताजी सुभाष पार्क में इको-फ्रेंडली मिट्टी के गणेश का विसर्जन धूमधाम से किया गया। समिति के सक्रिय सदस्य योगी अरोड़ा और चिराग गांधी ने बताया कि 11 दिनों तक सुभाष नगर के सनातन धर्म हनुमान मंदिर में सुबह-शाम आरती और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। 11वें दिन विशेष हवन यज्ञ के बाद नगर परिक्रमा निकाली गई। इसके उपरांत सुभाष पार्क में बड़े टब में पानी, गुलाब जल और गंगाजल से विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ गणपति का विसर्जन किया गया। तत्पश्चात पानी और मिट्टी भक्तों में वितरित की गई तथा शेष जल को पौधों में अर्पित किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और गणपति बप्पा से सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर समिति के सदस्य सोनू वधवा, राजेश मलिक, हिमांशु गांधी, हिमांशु भूटानी, विपुल गंभीर, निपुण गंभीर, आशीष चुघ, विक्की वधवा, अमित वधवा, अमित उप्पल आदि मौजूद रहे।



### जलभराव को लेकर गांवों का दौरा किया 70 हजार प्रति एकड़ मिले मुआवजाः हुड्डा

**रोहतक।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने शनिवार को गढ़ी सांपला किलोई क्षेत्र के 8 गांवों में जलभराव का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए और गांव वालों से उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। पूर्व सीएम सबसे पहले गांव बलियाणा पहुंचे और फिर गांव पाकस्मा के खेतों में गए, जहां पानी लगभग 4 से 5 फुट तक भरा हुआ था। लोगों ने पानी में डूबी धान की फसल दिखाई और कहा कि खेतों से पानी निकालने के लिए उचित प्रबंध किया जाए। इसके बाद हुड्डा पंप हाउस गए और एसडीओ को पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि समय पर ड्रेन, सीवर व नालों की सफाई होती तो जलभराव की समस्या नहीं होती। गांवों से निकलने वाले रजवाहों की सफाई नहीं करवाई, जिसके कारण जलभराव की समस्या पैदा हुई।

## एमबीबीएस विद्यार्थियों को जल्द मिलेगी नए हॉस्टल की सुविधा

# पीजीआईएमएस में बनेगा 6 मंजिला हॉस्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने शनिवार को पीजीआईएमएस रोहतक में एमबीबीएस और बीडीएस छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी सौगात का ऐलान किया। उन्होंने नए बनने जा रहे गर्ल्स और ब्वॉयज हॉस्टल के लिए हवन किया।

इस अवसर पर उपस्थित पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ एचके अग्रवाल ने कहा कि संस्थान में बने हॉस्टल काफी पुराने हो गए थे जिसके चलते उन्हें समय सीमा खत्म होने पर तोड़ दिया गया था ऐसे में छात्र-छात्राओं के लिए काफी लंबे समय से हॉस्टल की कमी हो गई थी। इस कारण हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। डॉ अग्रवाल ने बताया कि ठेकेदार द्वारा अब पाइल टेस्ट किया जाएगा और टेस्ट के पास होने पर यहां हॉस्टल का निर्माण शुरू हो जाएगा और जल्दी ही औपचारिक कर ली जाएंगी।

### 3648 लख रुपये मंजूर

डॉ अग्रवाल ने बताया कि पहली बार विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 6 मंजिल का हॉस्टल संस्थान में बनवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्वॉयज हॉस्टल के लिए 3648 लख रुपए मंजूर किए गए हैं , वहीं गर्ल्स हॉस्टल के लिए 4698 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।डॉ अग्रवाल ने बताया कि अक्सर बच्चों की समस्या रहती थी कि गर्मियों के दिनों में हॉस्टल के अंदर एक न होने के चलते उन्हें काफी परेशानी झेलनी पड़ती थी ऐसे में इन हॉस्टलों में एयर कंडीशनर की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी ताकि बच्चों को गर्मी का सामना न करना पड़े और वह अच्छे से अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें। कुलसचिव डॉ रूप सिंह ने कहा कि जिस कंपनी को यह टेंडर मिला है उसे विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कोशिश करनी चाहिए कि वह पैसे में सीमा के अंदर हो या उससे पहले ही इसका निर्माण पूरा करें ताकि सभी विद्यार्थियों को हॉस्टल मिल सके।

### 300 कमरें बनेंगे

डॉ. रूप सिंह ने बताया कि बॉयज हॉस्टल में 300 कमरों का निर्माण करवाया जाएगा , वहीं गर्ल्स हॉस्टल में 370 कमरों का निर्माण होगा। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हर हॉस्टल में दो लिफ्ट भी लगाई जाएंगी और इन हॉस्टलों में सभी अत्याधुनिक सुविधाओं को शामिल करवाया जाएगा। पीडब्ल्यूडी बीएंडआर विभाग के एक्सईएन विजय दलाल ने बताया कि हर तल पर 56 कमरे बनाए जाएंगे।

**ये रहे मौजूदः** इस अवसर पर एक्सईन विजय दलाल ,एसडीओ अशोक सिरोहा, सेक्रेटरी टू वीसी संजीव कुमार, जेई नवीन बल्हारा ,रमन जोशी, कुणाल छिल्लर ,प्रीतम देशवाल ,आशीष सहित कंपनी के सदस्य उपस्थित रहे।

### खिलाड़ी राज्य स्तरीय खेलों में दमखम दिखाने को तैयार

**रोहतक।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 58वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता (अंडर-17 एवं अंडर-19, बालक एवं बालिकाएं) में रोहतक जिले से विभिन्न खेलों की टीमें चयनित की गई हैं। इस प्रतियोगिता में जिले से लगभग 220 खिलाड़ी भाग लेंगे, 8 से 10 सितंबर, 2025 को होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न जिलों में किया जाएगा और प्रत्येक खेल अपने-अपने निर्धारित जिला मुख्यालय पर सम्पन्न होगा। जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक ने जानकारी दी कि सभी खेलों के लिए कोच-इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं, जो खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देंगे तथा प्रतियोगिता से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाएं खिलाड़ियों तक पहुंचाएंगे।

**ये होंगे इंचार्जः** पानीपत में कबड्डी (अंडर-17 एवं अंडर-19, बालक वर्ग) के लिए दिनेश डांगी इंचार्ज होंगे, इसी प्रकार कुश्ती (अंडर-17, बालक वर्ग) का दायित्व सुनील को सौंपा गया है, जबकि कुश्ती (अंडर-19, बालक वर्ग) के लिए नरेश इंचार्ज नियुक्त किए गए हैं। फरीदाबाद में बैडमिंटन (अंडर-17 एवं अंडर-19, बालक वर्ग) के इंचार्ज ओमपाल होंगे, आर्चरी (अंडर-17 एवं अंडर-19, बालक एवं बालिका वर्ग) के लिए डॉक्टर जनक राज को जिम्मेदारी दी है।

